
# सीमा ढांचा भारत की रणनीतिक ताकत

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया परियोजनाओं का शुभारंभ

**5 हजार करोड़ की परियोजना का उद्घाटन**

**121 प्रोजेक्ट्स का एक साथ शुभारंभ**



**नई दिल्ली 7 दिसंबर. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण पांच हजार करोड़ रूपये से अधिक लागत वाली 121 ढांचागत परियोजनाओं का रविवार को लद्दाख में उद्घाटन किया.**

रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर बताया कि पहली बार एक साथ इतनी ज्यादा परियोजनाओं का उद्घाटन हुआ है. इनमें से दो केंद्र शासित प्रदेशों - लद्दाख और जम्मू-कश्मीर - और बाकी सात राज्यों - अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, पश्चिम बंगाल और मिजोरम में हैं. इनमें 28 सड़कें, 93 पुल और 04 अन्य परियोजनाएं हैं. सीमा सड़क संगठन के इतिहास में यह पहला मौका है जब इतनी परियोजनाओं का एक साथ उद्घाटन किया गया है. इन परियोजनाओं से दूरदराज के गांवों और अग्रिम सैन्य चौकियों में अंतिम छोर तक पहुंच बनाने में काफी मदद मिलेगी. इससे ये क्षेत्र राष्ट्रीय मुख्यधारा के करीब आएंगे. रक्षा मंत्री ने कहा कि यह परियोजनाएं सरकार की विकसित भारत के विजन अनुरूप सीमावर्ती बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है. श्री सिंह ने दौलत बेग ओल्डी रोड पर श्योक टनल पर आयोजित एक कार्यक्रम में ये उद्घाटन किए.

### सीमावर्ती क्षेत्रों में मजबूत बुनियादी ढांचे का फायदा

उन्होंने कहा कि यह 920 मीटर लंबी कट एंड कवर टनल सुरक्षा, गतिशीलता और तेजी से तैनाती की क्षमताओं को काफी बढ़ाएगी. रक्षा मंत्री ने सशस्त्र बलों के कर्मियों की अद्वितीय बहादुरी, प्रतिबद्धता और बलिदान का सम्मान करने के लिए अरुणाचल प्रदेश में गलवान युद्ध स्मारक का भी वर्चुअली उद्घाटन किया. श्री सिंह ने सीमावर्ती क्षेत्रों को विकसित करने के सरकार के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि ये कनेक्टिविटी के साधन सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और आपदा प्रबंधन के लिए जीवन रेखा हैं. उन्होंने कहा, सीमावर्ती क्षेत्रों में मजबूत बुनियादी ढांचे के कई फायदे हैं. यह सैन्य गतिशीलता, रसद के सुचारू परिवहन, पर्यटन और रोजगार के अवसरों में वृद्धि और सबसे महत्वपूर्ण बात, विकास, लोकतंत्र और सरकार में मजबूत विश्वास सुनिश्चित करता है. रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि जिस तेज़ी से भारत सड़कों, सुरंगों, स्मार्ट फेंसिंग, इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर और सर्विलांस सिस्टम से अपनी सीमाओं को मज़बूत कर रहा है, वह इस बात का सबूत है कि कनेक्टिविटी सुरक्षा की रीढ़ है, न कि कोई अलग चीज़. उन्होंने बी आर ओ की तारीफ़ करते हुए कहा कि उसने तेज़ी और कुशलता से और स्वदेशी समाधानों के जरिए मुश्किल परियोजनाओं को पूरा करके राष्ट्रीय विकास को काफी तेजी दी है. ऑपरेशन सिंदूर पर रक्षा मंत्री ने कहा, हमारे सशस्त्र बलों ने पहलगाम में हुए भयानक आतंकवादी हमले के जवाब में यह ऑपरेशन शुरू किया था.

## यूक्रेन की रोवनोये बस्ती पर रूस ने कब्जे का दावा किया

**मॉस्को, 7 दिसंबर.** रूसी रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि उसके त्सेन्ट्र बैटलग्रुप ने यूक्रेन की रोवनोये बस्ती पर कब्जा कर लिया है. यह समूह दिमित्रोव में यूक्रेनी सैनिकों के खिलाफ जोरदार कार्रवाई कर रहा है और डोनेट्स्क पीपल्स रिपब्लिक में ग्रिशिनो क्षेत्र को सैनिकों से मुक्त करा रहा है. मंत्रालय ने कहा कि त्सेन्ट्र बैटलग्रुप की इकाइयों ने डोनेट्स्क पीपल्स रिपब्लिक की रोवनोये बस्ती को आजाद कराने का काम पूरा कर लिया है. रूसी सेना ने इस क्षेत्र के एक और गांव को घेर लिया है. बैटलग्रुप ने दावा किया है कि शनिवार को विभिन्न मोर्चों पर उसके अभियान में 480 यूक्रेनी सैन्यकर्मी मारे गये हैं.

## नौ दिसंबर से लगेगा काशी सांसद रोजगार महाकुंभ

**वाराणसी, 7 दिसंबर. उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित 'काशी सांसद रोजगार महाकुंभ-2025' में देश-विदेश की नामचीन कंपनियों में नौकरी पाने के लिए युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है.**



इस मेले में विदेशी नौकरियों के अवसर भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं. अब तक 20,597 से अधिक युवाओं ने पंजीकरण करा लिया है, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं और दो ट्रांसजेंडर अभ्यर्थी भी शामिल हैं. 'काशी सांसद रोजगार महाकुंभ' का आयोजन 9 और 10 दिसंबर को राजकीय आईटीआई, करौंदी में होगा. इसमें 250 से अधिक राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियां भाग लेंगी और हजारों पदों पर भर्ती करेंगी. मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह ने रविवार को बताया कि अब तक पोर्टल पर 20,597 से अधिक युवाओं ने पंजीकरण कराया है, जिनमें 14,416 पुरुष, 6,179 महिलाएं और 2 ट्रांसजेंडर शामिल हैं. इस रोजगार मेले में देश के अंदर 28,383 तथा विदेश में 5,125 नौकरियों के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं.

# सुदृढ़ हो रही पैथालॉजी जांच की सुविधा

**योगी सरकार कर रही सुविधाओं में विस्तार**

**गोरखपुर 7 दिसंबर. उत्तर प्रदेश की योगी सरकार सबको इलाज, उत्कृष्ट इलाज के मंत्र का अनुसरण करते हुए हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने के साथ ही आमजन के हित मे मुफ्त पैथालॉजी जांच की सुविधा का विस्तार भी कर रही है.**


इसी सिलसिले के तहत गोरखपुर में पैथालॉजी जांच के क्षेत्र में क्रांतिकारी पहल हुई है. गोरखपुर शहर में दस नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ऐसे हैं जहां लोग बड़ी पैथालॉजिकल जांच के लिए सैंपल देते हैं और शाम तक घर बैठे मोबाइल पर ब्लड जांच रिपोर्ट मिल जाती है. इस सुविधा से लोगों को दौड़भाग, जांच खर्च की बचत और गुणवत्तापूर्ण जांच की सुविधा एक साथ मिल रही है. गोरखपुर शहर की चरगांवा निवासी गरिमा अक्टूबर में बीमार पड़ गयीं. वह थॉयराइड की मरीज भी हैं. गरिमा ने शाहपुर नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सक को दिखाया. वहां के चिकित्सक की सलाह पर उन्होंने पिपराइच सीएचसी की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ को भी दिखाया.

> इस दौरान चिकित्सक ने उन्हें एलएफटी, केएफटी, थॉयराइड, सीबीसी आदि जांचों के लिए सलाह दी. साथ ही यह भी बताया कि इन जांचों के सैंपल शहर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भी दिए जा सकते हैं. गरिमा ने शाहपुर शहरी स्वास्थ्य केंद्र पर ब्लड सैंपल दिया और शाम तक मोबाइल पर रिपोर्ट भी आ गयी. वह कहती हैं कि उन्होंने सोचा भी नहीं था कि बिना जिला अस्पताल पहुंचे यह जांच घर के नजदीक निशुल्क हो सकती है. इसके लिए वह योगी सरकार को धन्यवाद देती हैं. जैसे लोगों को इस नई व्यवस्था के बारे में जानकारी हो रही है इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए सामने आ रहे हैं. सितंबर में यह व्यवस्था शुरू हुई तो केवल 71 लोगों के ब्लड सैंपल की जांच हुई. अक्टूबर में 501 लोगों ने इस सुविधा का लाभ लिया और नवंबर में यह संख्या 544 हो गई है.



# संतों की तपस्या ही राष्ट्र का आध्यात्मिक आधार : राधाकृष्णन

**उपराष्ट्रपति ने रजत जयंती समारोह में किया संबोधन**



**नई दिल्ली, 7 दिसंबर. उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने रविवार को कहा संतों, ऋषियों और मुनियों की तपस्या तथा ध्यान भारत के शाश्वत ज्ञान का मूल आध्यात्मिक आधार रही है.**

उन्होंने कहा कि राजयोग और विपश्यना जैसी परंपराएं यह स्पष्ट संदेश देती हैं कि सच्ची शक्ति और स्पष्टता हमेशा भीतर से उत्पन्न होती है. गुरुग्राम स्थित ब्रह्म कुमारी के ओम शांति रिट्रीट सेंटर (ओएसआरसी) में रजत जयंती वर्ष समारोह के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह केंद्र आध्यात्मिक दृष्टि से स्थापित होकर आज अपनी सेवा के 25वें वर्ष में कदम रख रहा है. उन्होंने वैज्ञानिकों, डॉक्टरों, प्रशासकों और जनप्रतिनिधियों जैसे विविध वर्गों द्वारा केंद्र के ध्यान और शांति संदेश से प्रभावित होकर जुड़ने को इसकी व्यापक स्वीकृति का प्रमाण बताया. उन्होंने दुनिया के सबसे महिला-नेतृत्व वाले आध्यात्मिक संगठन के रूप में ब्रह्म कुमारी की उपलब्धि की सराहना की.

# आग में कई अनमोल जानें गई : केजरीवाल

**अरपोरा अग्निकांड पर संवेदना व्यक्त की**


**नई दिल्ली, 7 दिसंबर. गोवा के पर्यटन क्षेत्र के लिए प्रसिद्ध अरपोरा में लगी भीषण आग ने कई परिवारों को अपूरणीय क्षति पहुंचाई है. इस त्रासदी ने पूरे देश में शोक और संवेदना की लहर पैदा कर दी है.**



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है. उन्होंने एक्स पर साझा किए गए अपने पोस्ट में लिखा कि अरपोरा की दुखद घटना में कई अनमोल जानों का खो जाना अत्यंत पीड़ादायक है. उन्होंने शोकाकुल परिवारों के प्रति दिल से संवेदना व्यक्त की और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की. उन्होंने यह भी प्रार्थना की कि ईश्वर इस विनाशकारी घड़ी में सभी प्रभावित परिवारों को शक्ति और धैर्य प्रदान करे. आग की इस दुर्घटना ने एक बार फिर यह सवाल उठाया है कि पर्यटन क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्थाओं को कितना सुदृढ़ बनाए रखने की आवश्यकता है. हालांकि प्रशासन राहत और बचाव कार्यों में जुटा हुआ है, लेकिन इस दर्दनाक घटना की छाया लंबे समय तक लोगों के मन में बनी रहेगी.

> **गुजरात के कई कार्यक्रमों में होंगे शामिल**
>
> केजरीवाल ने अपने आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों की जानकारी साझा करते हुए शनिवार को एक्स पर पोस्ट किया कि वे तीन दिवसीय दौरे पर गुजरात जा रहे हैं. उन्होंने लिखा कि इस यात्रा के दौरान वे कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शामिल होंगे. उनके इस घोषणा पोस्ट के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखाई दे रहा है और गुजरात संगठन भी उनके स्वागत तथा कार्यक्रमों की तैयारियों में सक्रिय हो गया है. सूत्रों के अनुसार, इस दौरे में उनका ध्यान संगठनात्मक मजबूती और कुछ जनसभाओं में भागीदारी पर केंद्रित रहेगा.

## एक नजर में



### इजरायली सेना ने फिलिस्तीनियों को मार गिराया

**यरूशलम, 07 दिसंबर.** इजरायली सेना ने शनिवार को कहा कि उसके सैनिकों ने दक्षिणी पश्चिमी तट शहर हेब्रोन में दो फिलिस्तीनियों की गोली मारकर हत्या कर दी, जब दोनों ने एक चेकपॉइंट पर सैनिकों की ओर एक वाहन चढ़ा दिया. इजरायली रक्षा बलों ने एक बयान में कहा कि एक ऑपरेशनल गतिविधि के दौरान वाहन की गति बढ़ने पर सैनिकों ने गोलीबारी की. इजरायल के सार्वजनिक प्रसारक 'कान' के अनुसार, एक सैनिक मामूली रूप से घायल हुआ है, जिसने बताया कि सैनिक पैराट्रूपर्स ब्रिगेड की 202वीं बटालियन के थे. फिलिस्तीनी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने एक अलग बयान दिया, जिसमें बताया गया कि इजरायली बलों ने मध्य हेब्रोन के बाब अल-जाविया क्षेत्र में फिलिस्तीनी नागरिकों को ले जा रहे एक वाहन पर गोलीबारी की.

### ज्वालामुखी से निकले लावा के तीन फव्वारे

**होनोलुलु, 07 दिसंबर.** अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने रविवार को कहा कि हवाई के किलाउआ ज्वालामुखी में 38वें विस्फोट के दौरान लावे के तीन फव्वारे फूटे हैं जिनमें से एक फव्वारा 1,200 फीट की ऊंचाई तक जा रहा है. मौजूदा विस्फोट के दौरान पहली बार लगभग बराबर आकार के तीन फव्वारे फूट निकले हैं. यूएसजीएस ने कहा, वर्तमान में तीनों छिद्रों से फव्वारे निकल रहे हैं. दक्षिणी फव्वारा लगभग 1200 फीट ऊंचा है जबकि दो फव्वारे 500 फीट के आस पास हैं. इन फव्वारों में से दो उत्तरी छिद्र से और एक दक्षिणी छिद्र से है. यह तिहरा फव्वारा एक अत्यंत दुर्लभ घटना है और इस विस्फोट के दौरान ऐसा पहली बार देखा गया है. किलाउआ विश्व के सबसे सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक है. यह हवाई द्वीप के दक्षिण-पूर्वी तट पर स्थित है.

### लंदन में एयरपोर्ट पार्किंग में मारपीट, कई घायल

**लंदन, 07 दिसंबर.** लंदन के हीथ्रो हवाईअड्डे के टर्मिनल-3 की मल्टी-स्टोरी कार पार्किंग में रविवार सुबह मारपीट की एक घटना में कई लोग घायल हो गये. मेट्रोपॉलिटन पुलिस के अनुसार, एक समूह ने पेपर स्प्रे जैसी सामग्री का इस्तेमाल किया, जिसके बाद अफरा-तफरी मच गयी. इस घटना के कारण एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 के आसपास यातायात पर असर पड़ा. कार पार्किंग और आसपास के क्षेत्र में अवरोध देखने को मिला, जबकि कुछ ट्रेन सेवाएं भी प्रभावित हुईं.

## रूसी हमलों के बाद पोलैंड ने बढ़ाई सुरक्षा

**वारसॉ, 7 दिसंबर.** यूक्रेन पर रूसी हवाई हमलों के बाद पोलैंड ने अपने एयरस्पेस की सुरक्षा के लिये जेट विमानों को तैनात कर दिया है. पोलैंड के सशस्त्र बलों की ऑपरेशनल कमांड ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि उसने ज़रूरी सुरक्षात्मक उपायों को सक्रिय कर दिया है. लड़ाकू विमान हवा में गश्त पर थे और जमीन पर मौजूद वायु-रक्षा और रडार प्रणाली को सजग रखा गया था. इन कदमों को बचाव के तौर पर उठाया गया था. कमांड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि इसका मकसद एयरस्पेस, खासकर संभावित खतरे वाले इलाकों के पास की सुरक्षा सुनिश्चित करना है.


## आज का इतिहास

- 1863 - चीली की राजधानी सेंटियागो स्थित जेसूइट गिरजाघर में आग लगने से ढाई हजार की मौत
- 1881 - यूरोपीय देश ऑस्ट्रिया की राजधानी विएना में थियेटर में आग लगने से 800 लोगों की मौत।
- 1923 - जर्मनी और अमेरिका के बीच मित्रता संधि पर हस्ताक्षर किए गये।
- 1941 - अमेरिका और ब्रिटेन ने जापान के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- 1956 - ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर में सोलहवें ओलंपिक खेल का समापन।

# डेयरी प्लांट का और किया जाए विस्तार

## मुख्यमंत्री नीतीश ने पटना डेयरी प्रोजेक्ट का निरीक्षण करते हुए दिए निर्देश

**पटना, 7 दिसम्बर. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को पटना डेयरी प्रोजेक्ट, सुधा फुलवारीशरीफ का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए.**



श्री कुमार ने निरीक्षण के दौरान प्रोडक्शन हॉल, आइस्क्रीम प्लांट, दही कोल्ड रूम सहित विभिन्न इकाईयों का निरीक्षण किया और उत्पाद के संबंध में विस्तृत जानकारी ली. कॉन्फ्रेंस हॉल में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक की. उन्होंने कहा कि वर्ष 2008 से कृषि रोड मैप की शुरूआत की गयी है. कृषि रोड मैप में कृषि कार्य एवं इससे जुड़े अवयवों के विकास के लिये कई कदम उठाये गये हैं. उन्होंने कहा कि कृषि रोड मैप के लागू होने से फसल का उत्पादन और उत्पादकता बढ़ी है साथ ही राज्य में दूध का उत्पादन भी बढ़ा है. इससे किसानों और दुग्ध उत्पादकों को काफी फायदा हो रहा है. मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि डेयरी प्लांट का और विस्तार करें. उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादन समितियों का और विस्तार करें, अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें, इससे उनकी आमदनी बढ़ेगी.

# राष्ट्र की सुरक्षा में तैनात जवानों का योगदान अतुलनीय : साय

**रायपुर 7 दिसंबर. छत्तीसगढ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड के सचिव ब्रिगेडियर विवेक शर्मा ने सौजन्य भेंट की.**



इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री साय को सशस्त्र सेना झंडा दिवस के प्रतीक स्वरूप सम्मान बैज लगाया तथा संचालनालय सैनिक कल्याण द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियों एवं योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की. मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस हमारे वीर सैनिकों और उनके परिवारों के त्याग, साहस और राष्ट्रसमर्पण के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का पावन अवसर है. देश की सुरक्षा में निरंतर तैनात हमारे जवानों का योगदान अतुलनीय है. उन्होंने आगे कहा कि इस दिवस का संदेश है कि राष्ट्र की रक्षा में लगे हमारे जवानों और शहीद परिवारों के प्रति हम सभी अपनी जिम्मेदारी समझें और उनके कल्याण के लिए सहयोग की भावना से आगे आएं.

# 25 राज्यों की महिला उद्यमियों ने दिखाई ग्रामीण सशक्तिकरण

**फूड फेस्टिवल में महिलाओं ने पेश किए अपने उत्पाद**

**डिजिटल स्किल और उद्यमिता से रचा नया कीर्तिमान**

**नई दिल्ली, 7 दिसंबर. राजधानी दिल्ली में आयोजित हुए सरस फूड फेस्टिवल में दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की सफलता तब स्पष्ट रूप से दिखाई दी जब इस साल मेले में 25 राज्यों से लगभग 300 लखपति दीदी व स्वयं सहायता समूह उद्यमी भाग लेने पहुंचीं.**

इतनी बड़ी संख्या में इन महिला उद्यमियों का भाग लेना ग्रामीण भारत में आजीविका और सशक्तिकरण की एक बड़ी सफलता है. मेले के आकर्षण का केंद्र मोहाली, पंजाब की वंदना भारद्वाज रहीं. श्रीमती भारद्वाज अपनी आकर्षक और खास तरह की कढ़ाई फुलकारी को लेकर आयीं थीं. उन्होंने साल 2018 में मात्र दस महिलाओं के एक छोटे स्वयं सहायता समूह से शुरुआत की थी. वह आज 25 गाँवों में 500 से अधिक स्वयं सहायता समूह का नेतृत्व करती हैं. उन्होंने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय से मिली सिलाई मशीनें और 30,000 की कार्यशील पूंजी जैसी मदद ने उनके उद्यम को बदल दिया. उनके नेतृत्व में ये समूह अब स्वेटर, स्कूल यूनिफॉर्म और उच्च गुणवत्ता वाले फुलकारी कपड़े बनाते हैं.

# बिहार के तीन जिलों में हुई फायरिंग

**सीतामढ़ी/समस्तीपुर/सहरसा, 7 दिसंबर. बिहार के तीन जिलों सीतामढ़ी और सहरसा में रविवार को बदमाशों ने गोली मारकर दो की हत्या कर दी, जबकि समस्तीपुर में जमीन विवाद को लेकर गोलीबारी में तीन लोग घायल हो गए.**

सीतामढ़ी जिले के परसौनी थाना क्षेत्र में जनसुराज पार्टी के कार्यकर्ता और पूर्व जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष कबीर आलम की बाइक सवार तीन बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी. घटनास्थल से खोखा और चप्पल बरामद हुए हैं. डॉग स्क्वॉड और एफएसएल की टीम जांच में जुटी है. यह दो महीनों में जनसुराज नेताओं पर दूसरी घातक वारदात है.

> एसपी के निर्देश पर एसआईटी गठित सहरसा जिले के बिहरा थाना क्षेत्र में शनिवार शाम लूट की नीयत से एमएड छात्र नीरज मिश्रा पर बदमाशों ने गोली चला दी. बाइक से घर लौट रहे छात्र को तीन बदमाशों ने कलेक्शन एजेंट समझकर रोका और उसकी बाइक की डिग्गी चेक करने की कोशिश की. विरोध पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी, जिसमें छात्र की जांघ में दो गोलियां लगीं. घटना के बाद एसपी हिमांशु ने देर रात घटनास्थल का निरीक्षण किया और मामले की संवेदनशीलता देखते हुए एसआईटी का गठन किया गया है.


### गोलीबारी की घटना

बिहार के सीतामढ़ी जिले में रविवार की सुबह एक बार फिर अपराधियों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया. परसौनी थाना क्षेत्र के सरखौली पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने जनसुराज पार्टी कार्यकर्ता व पूर्व जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष कबीर आलम की गोली मारकर हत्या कर दी. यह घटना दो महीनों में जनसुराज से जुड़े दूसरी हत्या का मामला है, जिसने जिले में सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बदमाशों ने पुल के पास कबीर आलम को रोका, उनसे झड़प की और फिर पीछे से सिर में गोली मार दी.

**विदेश मंत्रालय की रिपोर्ट** | **18 लाख से ज्यादा भारतीय छात्र मेडिकल स्टडी के लिए गए नए देश**

# यूएई-कनाडा भारतीय छात्रों की पहली पसंद

**नई दिल्ली, 7 दिसबंर. भारत के युवा अब दुनिया भर की यूनिवर्सिटियों में अपना भविष्य गढ़ रहे हैं.**



विदेश मंत्रालय द्वारा संसद में प्रस्तुत ताज़ा आंकड़े बताते हैं कि 18.82 लाख भारतीय छात्र इस समय 153 देशों में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं. यह संख्या न केवल भारत की वैश्विक आकांक्षाओं को दर्शाती है, बल्कि यह भी दिखाती है कि भारतीय छात्र अब पारंपरिक गंतव्यों से परे जाकर नए देशों में भी अवसर तलाश रहे हैं. कनाडा और अमेरिका जैसे लंबे समय से पसंदीदा देशों की चमक बरकरार है, लेकिन इसके साथ आर्मेनिया, जॉर्जिया, किर्गिस्तान और साइप्रस जैसे अपेक्षाकृत छोटे देशों में भी भारतीय मेडिकल छात्रों की संख्या तेजी से बढ़ी है. हालांकि बढ़ते अवसरों के बीच चुनौतियों का भी अस्तित्व है. पांच साल में यूके, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और रूस समेत कई देशों ने वीजा उल्लंघन के मामलों में भारतीय छात्रों को निर्वासित किया है. इसके बावजूद, सरकार का कहना है कि वह विदेशों में पढ़ रहे छात्रों के हितों की रक्षा के लिए लगातार सक्रिय है. एडवाइजरी जारी करने से लेकर ऑपरेशन गंगाऑपरेशन कावेरी जैसी निकासी मिशनों तक भारत अपने छात्रों की सुरक्षा व समर्थन को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है. विदेश मंत्रालय के राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने संसद में एक विस्तृत रिपोर्ट पेश की, जिसमें बताया गया कि वर्तमान में 18.82 लाख भारतीय छात्र दुनिया के विभिन्न हिस्सों में पढ़ाई कर रहे हैं.

> कनाडा (4.27 लाख) भारतीय छात्रों के लिए सबसे बड़ा केंद्र बनकर उभरा है. इसके बाद अमेरिका (2.55 लाख) और यूएई (2.53 लाख) जैसे देश उच्च शिक्षा के प्रमुख गंतव्य बने हुए हैं. वहीं ऑस्ट्रेलिया (1.96 लाख) और यूके (1.73 लाख) भी भारतीय विद्यार्थियों को खूब आकर्षित कर रहे हैं. दिलचस्प रूप से, मेडिकल शिक्षा के लिए भारतीय छात्र अब आर्मेनिया, जॉर्जिया, किर्गिस्तान और साइप्रस जैसे देशों को भी चुन रहे हैं.

# सरकार ने 70 फीसदी वादे किए पूरे

**सोशल मीडिया वॉरियर्स मीट में भजनलाल ने दी जानकारी**

**जयपुर, 7 दिसम्बर. राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को कहा कि जनता की आकांक्षाओं से बने संकल्प पत्र का क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए राज्य सरकार प्रदेश का सर्वांगीण विकास कर रही है.**



दो वर्ष के कार्यकाल में करीब 70 प्रतिशत संकल्प पत्र के वादों को पूरा कर लिया गया है. श्री शर्मा आज यहां कृषि अनुसंधान केन्द्र दुर्गापुरा में भाजपा की सोशल मीडिया वॉरियर्स मीट-2025 को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि सूचना क्रांति के युग में सोशल मीडिया जनता के बीच पहुंचने का सशक्त और सुगम माध्यम है. सोशल मीडिया जनकल्याणकारी योजनाओं की पहुंच पात्र व्यक्तियों तक पारदर्शिता और जवाबदेहिता के साथ सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभा रहा है. उन्होंने कहा कि भाजपा के सोशल मीडिया वॉरियर्स के समर्पण और कर्मठता के कारण पार्टी को विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत प्राप्त करने में सहयोग मिला. भाजपा सरकार ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र को बिना भेदभाव के 28 करोड़ रुपए दिए हैं.

> मुख्यमंत्री ने कहा पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय में पेपर लीक हुए जिससे युवाओं के सपनों के साथ कुठाराघात हुआ जबकि भाजपा की सरकार में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ. हम युवाओं के सुनहरे भविष्य के लिए भर्ती परीक्षाओं का आयोजन पूर्ण पारदर्शिता के साथ कर रहे हैं. राज्य सरकार दो वर्षों में युवाओं को 92 हजार सरकारी नियुक्तियां दे चुकी है. इस माह लगभग 15 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे. श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार के गठन के समय प्रदेश के विकास का रोडमैप तैयार किया गया.

## मानवाधिकार दिवस समारोह 10 दिसंबर को

**नई दिल्ली, 7 दिसंबर.** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 10 दिसंबर को यहां भारत मंडपम में आयोजित होने वाले मानवाधिकार दिवस समारोह की मुख्य अतिथि होंगी. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) द्वारा आयोजित इस समारोह में एनएचआरसी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति वी. रामसुब्रमण्यन सहित विभिन्न गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे. ज्ञात रहे कि मानवाधिकार दिवस विश्व भर में हर वर्ष 10 दिसंबर को मनाया जाता है. यह दिन 1948 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा (यूडीएचआर) को अपनाए जाने की याद दिलाता है.